भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3208 का उत्तर

सुल्तानगंज से कटोरिया (बिहार) तक नई ट्रेन सेवा

3208. श्री गिरिधारी यादव:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा बिहार में सुल्तानगंज-कटोरिया (बांका जिला) के बीच नई रेल लाइन परियोजना की घोषणा पांच वर्ष पूर्व की गई थी;

(ख) यदि हां, तो उक्त रेल लाइन पर अब तक कितनी राशि खर्च की गई है और तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) उक्त परियोजना के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): असरगंज, तारापुर और बेलहार के रास्ते सुलतानगंज से कटोरिया को सीधी संपर्कता के लिए नई लाइन परियोजना (77 कि.मी.) को मंजूरी दे दी गई है। भूमि अधिग्रहण के लिए इस परियोजना को विशेष रेल परियोजना घोषित किया गया है। भूमि अधिग्रहण के लिए सक्षम प्राधिकारी (सीएएलए) को भी नामांकित कर दिया गया है। इस परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण का कार्य शुरू कर दिया गया है।

रेल परियोजना/ओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण
- वानिकी स्वीकृति
- अतिलंघनकारी जनोपयोगी सेवाओं का स्थानांतरण

- विभिन्न प्राधिकरणों से सांविधिक स्वीकृतियाँ
- क्षेत्र की भूवैज्ञानिक और स्थलाकृतिक परिस्थितियाँ
- परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून और व्यवस्था की स्थिति
- परियोजना स्थल विशेष के लिए वर्ष में कार्य करने के महीनों की संख्या आदि।

ये सभी कारक परियोजना/परियोजनाओं के समापन समय और लागत को प्रभावित करते हैं।

****